# Report

# EBSB Day, 25 April 2020

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब द्वारा दिनांक 25 अप्रैल 2020 को एक भारत श्रेष्ठ भारत दिवस का आयोजन किया गया। वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण सम्पूर्ण देश में बंद होने के कारण महाविद्यालय के एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब द्वारा यह कार्यक्रम Corona के विरुद्ध लड़ाई पर ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता आयजित कर मनाया गया जिसमें महाविद्यालय के कुल 18 छात्र-छात्राओं ने घर पर रहकर व घर में उपलब्ध समाग्री का उपयोग कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने इस महामारी पर विजय पाने के लिए अपने सुझाव पोस्टर के रूप में व्यक्त किए। इन पोस्टरों का मूल्यांकन क्लब समन्वयक डॉ पूनम व क्लब सदस्य लेफ्टिनेंट जय चंद द्वारा ऑनलाइन ही किया गया जिसमें बी ए छठे सेमेस्टर के छात्र सुमित शर्मा ने प्रथम, बी वॉक प्रयटन चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा पूनम शर्मा ने द्वितीय व बीएससी छठे सेमेस्टर की छात्रा सुदिक्षा ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शहर की व्यवसायिक संस्था शिवांश पब्लिकेशन ने नकद पुरस्कार विजेताओं के खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर कर के उन्हें पुरस्कृत किया।

इसी कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने घर पर रहते हुए भारत सरकार के पोर्टल mygov.in पर "Fight Against Corona" के लिए अपना योगदान देने की शपथ ली कि वो राष्ट्र व सभी नागरिकों की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा जारी आदेशों एवम् सलाह का पालन करेंगे तथा दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करेंगे।

इस शपथ व ऑनलाइन पोस्टर को वीडियो के माध्यम से एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब के सोशल मीडिया एकाउंट फेसबुक व ट्वीटर पर महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाया गया।

# Media Coverage

# ऑनलाइन प्रतियोगिता में सुमित शर्मा फर्स्ट

## बिलासपुर कालेज में एक भारत, श्रेष्ठ भारत क्लब ने करवाया ऑनलाइन कार्यक्रम

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो- बिलासपुर**

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर के एक भारत, श्रेष्ठ भारत क्लब द्वारा ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत कोरोना के विरुद्ध लड़ाई पर ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें महाविद्यालय के कुल 18 छात्र-छात्राओं ने घर पर रहकर व घर में उपलब्ध समाग्री का उपयोग कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने इस महामारी पर विजय पाने के लिए अपने सुझाव पोस्टर के रूप में व्यक्त किए। कार्यक्रम के समन्वयक डा. अतुल गुप्ता ने बताया कि बिलासपुर महाविद्यालय प्रत्येक महीने के अंतिम शनिवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत दिवस के रूप में मनाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने देश की संस्कृति से जोड़ना है। इस अप्रैल माह वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण संपूर्ण देश में बंद होने के बावजूद महाविद्यालय के एक भारत, श्रेष्ठ भारत क्लब द्वारा कोरोना के विरुद्ध लड़ाई पर ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता करवाई गई। इन पोस्टरों का मूल्यांकन क्लब समन्वयक डा. पूनम व क्लब सदस्य लेफ्टिनेंट जय चंद द्वारा ऑनलाइन ही किया गया। जिसमें बीए छठे सेमेस्टर के छात्र सुमित शर्मा ने प्रथम, बी.वॉक पर्यटन चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा पूनम शर्मा ने द्वितीय व बीएससी छठे सेमेस्टर की छात्रा सुदिक्षा ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शहर की व्यवसायिक संस्था



शिवांश पब्लिकेशन ने नकद पुरस्कार विजेताओं के खातों में ऑनलाइन ट्रांस्फर कर के उन्हें पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने घर पर रहते हुए भारत सरकार के पोर्टल पर फाइट अगेंस्ट कोरोना के लिए अपना योगदान देने की शपथ ली कि वो राष्ट्र व सभी नागरिकों की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा जारी आदेशों एवं सलाह का पालन करेंगे तथा दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करेंगे। डा. अतुल गुप्ता ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्लब समन्वयक डा. पूनम धीमान, छात्रा समन्वयक शालिनी व सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

---

# ऑनलाइन पोस्टर स्पर्धा में सुमित प्रथम

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब की ओर से ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आनलाइन बेहतरीन पोस्टर बनाने पर सुमित शर्मा को प्रथम विजेता के रूप में सम्मानित किया गया।

समन्वयक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि बिलासपुर महाविद्यालय प्रत्येक महीने के अंतिम शनिवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत दिवस के रूप में मनाता है। इस अप्रैल माह वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण संपूर्ण देश में बंद होने के बावजूद महाविद्यालय के एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब द्वारा यह कार्यक्रम कोरोना के विरुद्ध लड़ाई

### इनामी राशि को खातों में डाला गया ऑनलाइन

पर ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता से मनाया। जिसमें कुल 18 छात्र-छात्राओं ने घर पर रहकर व घर में उपलब्ध समाग्री का उपयोग कर भाग लिया। इनका मूल्यांकन क्लब समन्वयक डॉ. पूनम व क्लब सदस्य लेफ्टिनेंट जय चंद द्वारा ऑनलाइन ही किया गया।

प्रतियोगिता में बीए छठे सेमेस्टर के छात्र सुमित शर्मा ने प्रथम, बी वॉक पर्यटन चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा पूनम शर्मा ने द्वितीय व बीएससी छठे सेमेस्टर की छात्रा सुदीक्षा ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शहर की व्यवसायिक संस्था शिवांश पब्लिकेशन ने नकद पुरस्कार खातों में भेजा।

# सुमित ने प्रथम तो पूनम ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान

## ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने कोरोना पर विजय पाने के लिए अपने सुझाव पोस्टर के रूप में किए व्यक्त





*बिलासपुर: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए पोस्टर।* (ब्यूरो)

बिलासपुर, 25 अप्रैल (ब्यूरो): राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब द्वारा शनिवार को ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक डा. अतुल गुप्ता ने बताया कि बिलासपुर महाविद्यालय प्रत्येक महीने के अंतिम शनिवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत दिवस के रूप में मनाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने देश की संस्कृति से जोड़ना है।

इस अप्रैल माह में वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण संपूर्ण देश में बंद होने के बावजूद महाविद्यालय के एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब द्वारा यह कार्यक्रम कोरोना के विरुद्ध लड़ाई पर ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित कर मनाया गया। इसमें महाविद्यालय के कुल 18 विद्यार्थियों ने घर पर रहकर व घर में उपलब्ध सामग्री का उपयोग कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने इस महामारी पर विजय पाने के लिए अपने सुझाव पोस्टर के रूप में व्यक्त किए।

इन पोस्टरों का मूल्यांकन क्लब समन्वयक डा. पूनम व क्लब सदस्य लैफ्टिनैंट जय चंद द्वारा ऑनलाइन ही किया गया, जिसमें बी.ए. छठे सैमेस्टर के छात्र सुमित शर्मा ने प्रथम, बी.वॉक पर्यटन चतुर्थ सैमेस्टर की छात्रा पूनम शर्मा ने द्वितीय व बी.एससी छठे सैमेस्टर की छात्रा सुदीक्षा ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शहर की एक व्यावसायिक संस्था ने नकद पुरस्कार विजेताओं के खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर करके उन्हें पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में कालेज के विद्यार्थियों ने घर पर रहते हुए भारत सरकार के पोर्टल पर फाइट अगेंस्ट कोरोना के लिए अपना योगदान देने की शपथ ली कि वे राष्ट्र व सभी नागरिकों की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा जारी आदेशों एवं सलाह का पालन करेंगे तथा दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करेंगे। डा. अतुल गुप्ता ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्लब समन्वयक डा. पूनम धीमान, छात्रा समन्वयक शालिनी व सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

## बैंकों में कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए किए जा रहे हर प्रयास

घुमारवीं, 25 अप्रैल (कुलवंत): विश्वव्यापी महामारी कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए सभी संस्थाओं व स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। घुमारवीं शहर में स्थित विभिन्न बैंकों के एटी.एम. पर भी बैंकों द्वारा विशेष सुरक्षा गार्डों की तैनाती की गई है। ये सुरक्षा गार्ड ए.टी.एम. में आने-जाने वाले उपभोक्ताओं को सैनिटाइज कर रहे हैं। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया घुमारवीं के ए.टी.एम. में तैनात सिक्योरिटी गार्ड संजीव कुमार ने बताया कि कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए न केवल लोगों के हाथों को सैनिटाइज किया जा रहा है बल्कि लोगों को कोरोना वायरस के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक भी किया जा रहा है।